## खबर संक्षेप


झज्जर। विद्यार्थियों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्राचार्य।

### शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी रितिका प्रथम

**झज्जर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय तुम्बाहेड़ी में शनिवार को व्यर्थ सामान का प्रयोग करके बनाई गई अधिगम शिक्षण सामग्री की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राथमिक शिक्षक अशोक कुमार ढोरिया ने बताया कि प्रदर्शनी में पहली से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अनेक शिक्षाप्रद मॉडल बनाते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय प्राचार्य संजीव कुमार खत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बेहतर मॉडलों की सराहना की। प्रतियोगिता परिणामों में पांचवीं कक्षा की रितिका को प्रथम, तीसरी कक्षा के ऋषि वत्स को द्वितीय तथा ऊषा व वर्षा को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला।

### प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की निंदा

**बहादुरगढ़।** बिजली उपभोक्ता मंच की बहादुरगढ़ यूनिट के अध्यक्ष कामरेड रामकिशन ने हरियाणा सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के घरों पर डिजिटल मीटर की जगह प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने के फैसले की कड़ी निंदा की। साथ ही इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की।कामरेड रामकिशन ने के अनुसार भाजपा सरकार द्वारा निजी कंपनियों की मांग पर जारी आरडीएसएस स्कीम के तहत सारे देश में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। बिजली वितरण प्रणाली को निजी कंपनियों के हवाले करने की तैयारी में यह जन विरोधी कदम उठाया गया है।

### फसल खराबे का मिले 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूपसिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने तेज हवाओं के साथ हुई ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों की विशेष गिरदावरी करवाकर क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। किसान नेताओं ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि ओलावृष्टि से किसानों की बर्बाद हुई फसलों की तुरंत गिरदावरी करवाई जाए। ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का न्यूनतम 50 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए।

### राष्ट्रीय पक्षी मोर को पैर बांध कर उल्टा लटकाया

**झज्जर।** गांव सुर्खपुर में जब ग्रामीणों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को पेड़ से लटका देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। बाद में ग्रामीणों द्वारा मोर को पेड़ से नीचे उतारा गया। शरारती तत्वों द्वारा मोर के दोनों पांव बांधे कर पेड़ पर लटकाया गया था। बाद में घायल मोर को ग्रामीणों द्वारा पुलिस व संबंधित विभाग के कर्मचारियों के हवाले कर दिया। घटना को लेकर जहां ग्रामीणों में रोष दिखाई दिया वहीं ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की।


झज्जर। शहर की रहणिया कालोनी में लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 307 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**झज्जर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक सौ दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के अंतर्गत शहर की रहणिया कालोनी व क्षेत्र के गांव धारौली में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। निक्षय जांच टीम द्वारा इस दौरान जहां 307 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की वहीं 55 लोगों के टीबी जांच के लिए बलगम सैंपल भी लिए। इस दौरान टीबी मरीजों को दवाइयां एवं निक्षय पोषण किट उपलब्ध कराई गई। टीम सदस्यों द्वारा कैंप में आए लोगों को टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए जागरुक किया गया। उन्होंने बताया कि रात में पसीना आना, लगातार बुखार आना, वजन का कम होना।

## जिले में नौ फ्लाइंग स्क्वायड टीमें सक्रिय

# एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को नकल रहित संपन्न कराने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड टीमों द्वारा परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा परीक्षाओं को सुचारू और नकल रहित संपन्न करवाने के लिए शिक्षा विभाग के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है। जिले में स्थापित 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बादली, बहादुरगढ़ व झज्जर एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का विशेष तौर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी और उनके अधीनस्थ अधिकारी भी फ्लाइंग स्क्वायड टीमों के साथ परीक्षा केंद्रों का नियमित दौरा कर रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे।

नकल रहित परीक्षाओं को संपन्न करवाने के लिए जिले में नौ फ्लाइंग स्क्वायड टीमें सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। इनमें चार टीमें एसडीएम, एक डीईओ और चार टीमें हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से तैनात की गई हैं। ये टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रही हैं और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई कर रही हैं।


झज्जर। परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करते हुए एसडीएम सतीश यादव।


झज्जर। ऑनलाइन मीटिंग में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

### राजकीय हाई स्कूल गांगटान के परीक्षा केंद्र को किया शिफ्ट

**झज्जर।** राजकीय हाई स्कूल गांगटान परीक्षा केंद्र को सोमवार की परीक्षा संचालित होने उपरांत राजकीय मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल बेरी-3 ब्लॉक 1 में शिफ्ट करने के आदेश हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड सचिव द्वारा जारी किए गए हैं। दिए गए आदेशों में लिखा है कि राजकीय हाई स्कूल गांगटान पर नियुक्त केंद्र अधीक्षक, उपकेंद्र अधीक्षक व पर्यवेक्षक आगामी पांच मार्च को नए परीक्षा केंद्र में ड्यूटी देंगे। लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजकीय मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल बेरी द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। जारी आदेशों में कहा गया है जो परीक्षार्थी राजकीय हाई स्कूल गांगटान में परीक्षा दे रहे हैं उन सभी परीक्षार्थियों को तीन मार्च की परीक्षा दौरान नोट कराते हुए अपने स्तर पर परीक्षा केंद्र परिवर्तन की सूचना देना सुनिश्चित किया जाए। यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित रहता है तो इसके लिए संबंधित केंद्र के अधिकारी जिम्मेवार होंगे।

### परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डीसी

**झज्जर।** शनिवार को डीसी प्रदीप दहिया एवं डीसीपी मुख्यालय दीपक सहारण की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षा के लिए नियुक्त सभी केंद्र अधीक्षकों एवं मुख्य अधीक्षकों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए डीसी प्रदीप दहिया ने परीक्षा को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ आयोजित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण रूप से चारदीवारी होनी चाहिए। यदि किसी विद्यालय में चारदीवारी टूटी हुई है, तो वहां उचित बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीसीपी मुख्यालय दीपक सहारण ने कहा कि यदि कोई कर्मचारी परीक्षा के दौरान नकल या अन्य अनुचित साधनों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी 57 परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा ताकि परीक्षाएं सुचारू रूप से और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो सकें।


बहादुरगढ़। झाड़ोदा कलां में हुई बैठक में चर्चा करते रिटायर्ड योद्धा। फोटो : हरिभूमि

## सीआरपीएफ में हुई वेटरन बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

झाड़ोदा कलां स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्रुप केंद्र में सेवानिवृत्त अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, कार्मिकों के लिए कल्याण एवं पुर्नवास बोर्ड एवं वेटरन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप महानिरीक्षक विनय कुमार सिंह ने मुख्यअतिथि एचआर सिंह समेत 135 रिटायर्ड योद्धाओं का स्वागत किया।

विनय कुमार सिंह ने सभी को आश्वस्त किया कि रिटायर्ड यौद्धाओं के लिए सभी कल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने और हर कठिनाई में यथासंभव सहायता दी जाएगी। एचआर सिंह ने हर तिमाही में इसी तरह के आयोजन करने की बात कही। बैठक में सशस्त्र बलों की तरह अर्धसैनिक बलों में भी पेंशन लागू करने, सशस्त्र बलों की तरह रिटायर्ड कार्मिकों के लिए भूतपूर्व की जगह रिटायर्ड रैंक से पहले लिखा जाने, बल में सेवारत प्रत्येक कार्मिकों को 3 महीने के अंदर अवकाश पर भेजने, 30 जून को रिटायर होने वालों के लिए एक वार्षिक वेतन वृद्धि मिलने, जिला स्तर पर चिकित्सा सुविधा देने आदि विषयों पर विमर्श हुआ। बैठक में चर्चा के उपरांत रिटायर्ड 135 यौद्धाओं को डीआईजी द्वारा सम्मानित किया गया।

## पीरागढ़ी चौक पर अंडरपास का काम होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से मुलाकात कर पीरागड़ी चौक का अंडरपास बनाने के लिए बजट मंजूर करने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही जनहित की कई वर्षो से लंबित पड़ी समस्याओं का समाधान होना शुरू हो गया है। पीरागड़ी चौक पर लगातार जाम के कारण बहादुरगढ़ वासी भी परेशान हैं। अब दिल्ली सरकार से यहां अंडरपास बनाने का बजट स्वीकृत कर टेंडर भी लगा दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां जल्द कार्य शुरू होगा। यह अंडरपास बनने से सबसे ज्यादा लाभ हरियाणा प्रदेश के लोगों को होगा। उन्होंने दिल्ली की सीएम से हरियाणा को जोड़ने वाले सभी रास्ते जल्द बनवाने की मांग दोहराई। इस अवसर पर सूरज सैनी, राजपाल सैनी, अनिल सैनी, पुनीत व जीवन आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का आभार जताते जसबीर सैनी।


बहादुरगढ़। ग्रामीणों के साथ चर्चा करते एसीपी राजेंद्र सिंह।

### ग्रामीणों को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया

**बहादुरगढ़।** हरियाणा पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव, गांव जाकर लोगों को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया जा रहा है। इसी सिलसिले में शनिवार को खेड़ी जसोर में कार्यक्रम किया गया।

गांव में पहुंचने पर लोगों द्वारा एसीपी राजेंद्र सिंह का स्वागत किया गया। इस मौके पर एसीपी राजेंद्र सिंह ने कहा कि नशा शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से हमें नुकसान पहुंचाता है। एक व्यक्ति के नशे की लत, उसके पूरे परिवार को बर्बाद कर देती है। अपराधों की भी एक बड़ी वजह नशा ही है। नौजवान शौक-शौक में इस लत को पाल लेते हैं और फिर इस लत को पूरा करने के लिए अपराध करने में भी नहीं चूंकते। इसलिए नशे से दूर रहें और अपने आसपास लोगों पर नजर रखें। अपनी युवा पीढ़ी को नशे से बचाना समाज का भी दायित्व है। किरायेदारों की वेरिफिकेशन जरूर कराएं। कार्यक्रम में लोगों को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि फोन पर किसी को ओटीपी या खाते संबंधित जानकारी न दें।

### महासचिव ने दी विजेता पहलवानों को बधाई

**बहादुरगढ़।** जींद के बुवाना में आयोजित हरियाणा स्टेट सीनियर फेडरेशन कप रेसलिंग प्रतियोगिता के दौरान महिला वर्ग, पुरुष फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन शैलियों में विभिन्न भारवर्ग के मुकाबले हुए। रेसलिंग हरियाणा एसोसिएशन के महासचिव डॉ. राकेश सिंह कोच ने सभी विजेता पहलवानों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य आयोजक संजय मलिक ने बताया कि फ्री स्टाइल के 57 किलोग्रामा भारवर्ग में सुमित मलिक (सोनीपत), 61 किलो में उदित (सोनीपत), 65 किलो में सुरजीत (चरखी दादरी), 70 किलो में विशाल काली रावण हिसार, 74 किलो में विकास (झज्जर), 79 किलो में सुरजीत (सोनीपत), 86 किलो में सागर (पानीपत), 92 किलो में आर्यन (सोनीपत), 97 किलो में साहिल जगलान (पानीपत) और 125 किलोग्राम में अनिरुद्ध (सोनीपत) ने जीत हासिल की। ग्रीको रोमन के 55 किलोग्राम भारवर्ग में अनिल मोर (हिसार), 60 किलो में सूरज (रोहतक), 63 किलो में गौरव (सोनीपत), 67 किलो में संदीप (हिसार), 72 किलो में कुलदीप (हिसार), 77 किलो में अमन (सोनीपत), 82 किलो में प्रिंस (रोहतक), 87 किलो में सोनू (पानीपत), 97 किलो में नितिश (पानीपत) और 130 किलो में संजीत (रोहतक) ने कुश्ती जीती। महिला फ्री स्टाइल के 50 किलो में अंकुश (हिसार), 53 किलो में अंतिम (हिसार), 55 किलो में नीशू (जींद), 57 किलो में पुष्पा (भिवानी), 59 किलो में मुस्कान (रोहतक), 62 किलो में मानसी (रोहतक), 65 किलो में मुस्कान (रोहतक), 68 किलो में मानसी लाठर, 72 किलो में हरिंशीता (हिसार) और 76 किलोग्राम भारवर्ग में सिमरन (रोहतक) ने विजय हासिल की।

## छोटूराम नगर में निर्माणाधीन नाले का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने अधिकारी व पार्षदों के साथ शनिवार को छोटूराम नगर में बन रहे नाले के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले में प्रयोग हो रहे सरिया व निर्माण सामग्री का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि इस नाले के निर्माण में लगने वाले सरिया व निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। नाला निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद पार्षद अशोक शर्मा व पार्षद प्रतिनिधि हरिमोहन धाकरे समेत सभी लोगों से नाले के निर्माण पर नजर रखने का आह्वान किया। इस मौके पर वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, रमेश राठी, पार्षद राजेश मकडोली, जेई संदीप भी मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में बन रहे नाले का निरीक्षण करती चेयरपर्सन सरोज राठी। फोटो : हरिभूमि

### पहले दिन 2 घंटे 16 मिनट की देरी से आई विशेष गाड़ी

**बहादुरगढ़।** खाटू श्याम मेले के लिए रेलवे की ओर से विशेष एक्सप्रेस ट्रेन चलाई गई है। शकूरबस्ती से जयपुर रूट पर इस ट्रेन की शनिवार को शुरुआत हो गई। बहादुरगढ़ में भी इस गाड़ी का ठहराव है। यहां के लोगों को भी इसका लाभ होगा। ये लोग ट्रेन के जरिये सीधे यहां से खाटूश्याम जा सकेंगे। लेकिन बहादुरगढ़ में पहले ही दिन यह ट्रेन दो घंटे 16 मिनट की देरी से पहुंची। दिल्ली रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाडा ने बताया कि आगामी 15 मार्च तक इस विशेष गाड़ी का परिचालन जारी रहेगा। यह गाड़ी सुबह सात बजे जयपुर से प्रस्थान कर एक बजकर 36 मिनट पर बहादुरगढ़ और दोपहर ढाई बजे शकूर बस्ती स्टेशन पहुंचेगी। वहीं वापसी में शकूर बस्ती से तीन बजकर 50 मिनट पर प्रस्थान कर बहादुरगढ़ स्टेशन पर चार बजकर 10 मिनट पर पहुंचेगी और रात दस बजकर 50 मिनट पर खाटूश्याम पहुंचेगी। पहले ही दिन यह गाड़ी दो घण्टे 16 मिनट की देरी से बहादुरगढ़ स्टेशन पर आई। हाड़ा ने कहा कि फिलहाल 15 दिन के लिए गाड़ी चली है। समिति इस गाड़ी को नियमित रूप से चलाने की मांग को लेकर रेलवे को मांगपत्र देगी।

- खाटूश्याम मेले के लिए जयपुर-शकूरबस्ती रूट पर चलाई गई है एक्सप्रेस ट्रेन

# पिता का परिचित बनकर युवती से हजारों ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव सांखोल की निवासी एक युवती के साथ ठगी की वारदात हो गई। एक शातिर ने उसके पिता का परिचित बनकर फोन पर बात की और हजारों की चपत लगा दी। पीड़िता की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। युवती का कहना है कि अभी कुछ दिन पहले उसके पास एक कॉल आई। कॉलर ने कहा कि मैं आपके पिता के आफिस से बात कर रहा हूं। मुझे आपके पापा के पैसे देने हैं। ये आपका पेटीएम नंबर है, मैंने हां कर दी। उसने दो बार करके 40 रुपये भेजे। फिर मुझसे वापस भी मंगवा लिए। इसके बाद उसने रुपये संबंधित तीन मैसेज भेजे और पुनः वापस मांगे। मेरे खाते से 53 हजार 400 रुपये की निकासी हो गई।

### टास्क के नाम पर चपत लगाई

**बहादुरगढ़।** बीएससी के एक छात्र के साथ ठगी की वारदात हो गई। शातिरों ने टास्क के नाम पर उससे रुपये ठग लिए। वारदात अजय के साथ हुई है। अजय का कहना है कि गत 31 जनवरी को टेलीग्राम पर मेरे पास पार्ट टाइम जॉब संबंधित मैसेज आया। मैंने हां कर दी। फिर शातिर ने मुझे गूगल मैप पर रिव्यू करने के टास्क दिए। टास्क पूरे करने के बाद मुझसे 999 रुपये मांगे गए और कहा गया कि इसके बाद ही आपकी सेलरी आएगी। वे रुपये भेजने के बाद बोले कि एरर आ गया है। फिर रिपेयर के नाम पर तीन हजार मंगवाए। इसके बाद 9 हजार रुपये मंगवाए। इसके बाद मुझे उनके मंसूबें समझ में आए। अपने स्तर पर रुपये वापस लेने के प्रयास किए लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इस शिकायत पर सदर थाने में केस दर्ज हुआ है।

### क्रेडिट कार्ड से निकाले पांच लाख 12 हजार

**बहादुरगढ़।** शहर के निवासी दो लोगों के क्रेडिट कार्ड से पांच लाख 12 हजार रुपये कट गए। एक व्यक्ति को वेरिफिकेशन के नाम पर ठगा गया तो दूसरे के खाते से किसी ने शापिंग कर ली। शिकायतों के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहम्मद सज्जाद हुसैन ने कहा है कि कुछ दिन पहले एक अंजान नंबर से मेरे पास व्हाट्सएप कॉल आई। कॉलर ने मुझसे कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड की वेरिफिकेशन करनी है। उसने पेन, आधार नंबर आदि डिटेल ली। फिर अपने आप ही एक नंबर कॉल फारवर्डिंग पर सेट हो गया। जिस कारण मेरे क्रेडिट कार्ड से तीन बार में तीन लाख 89 हजार 305 रुपये की निकासी हो गई। फिर साइबर सैल में शिकायत दी। वहीं दूसरी वारदात नवीन के साथ हुई है। नवीन का कहना है कि मेरे पास एक क्रेडिट कार्ड है। गत 21 फरवरी को किसी अंजान ने किसी ने मेरे क्रेडिट कार्ड से एक लाख 22 हजार 999 रुपये की शापिंग कर ली। जब फोन पर मैसेज आए तो मुझे इस वारदात का पता चला।

***फोन-पे पर आई पैसे भेजने की रिक्वेस्ट खोलने के बाद खाते से कट गए 95 हजार रुपये:*** झज्जर। क्षेत्र के गांव डीघल में एक युवक के साथ धोखाधड़ी के जरिए खाते से 95 हजार रुपये ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसके पास बीती दस फरवरी को किसी व्यक्ति ने रुपये देने की बात करते हुए उससे फोन-पे नंबर मांगा। जब उसके पास पैसे भेजने संबंधी रिक्वेस्ट आई तो उसे खोलने के बाद उसके खाते से 95 हजार रुपये कट गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### धोखाधड़ी करके खाते से निकाले पचास हजार रुपये

**झज्जर।** शहर की किला कॉलोनी निवासी एक परचून की दुकान संचालक के खाते से धोखाधड़ी से पचास हजार रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में परचून विक्रेता ने बताया कि बीती बीस जनवरी की सुबह करीब पौने ग्यारह बजे उसके मोबाइल पर खाते से पचास रुपये कटने का मैसेज आया। इसके बाद उसने 22 जनवरी को साइबर पोर्टल पर अपनी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

***किसान क्रेडिट कार्ड वेरिफाई करने के नाम पर ठगी:*** झज्जर। सासरौली गांव में एक किसान के साथ किसान क्रेडिट कार्ड खाता वेरिफाई करने के नाम पर ठगी की गई है। पुलिस को बताया कि उसके पास बीती सात जनवरी को व्हाट्स कॉल से एक व्यक्ति ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड खाता बंद होने की बात करते हुए वेरिफाई करने का झांसा देते हुए एक लिंक भेजकर ओक करने की बात कही। जब लिंक पर ओके किया तो खाते से 14 जनवरी को 49 हजार व दस हजार तथा एक अन्य खाते से दो बार पांच-पांच हजार रुपये कट गए।

**खेलकूद** 11वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता में कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराकर व राष्ट्रगान से हुई

# वैश्य बीएड कॉलेज की ज्योति को बेस्ट एथलीट से नवाजा

- एमडीयू की डिप्टी खेल निदेशक शकुंतला ने प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में शनिवार को 11वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एमडीयू की डिप्टी खेल निदेशक शकुंतला बेनीवाल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। ज्योति को उनके प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराकर व राष्ट्रगान से हुई।

तीनों सदनों के समूह द्वारा मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गई। शांति और दोस्ती का संदेश फैलाने के लिए मशाल जलाई गई। शांति, सौहार्द, स्वतंत्रता के प्रतीक सफेद कबूतर छोड़े गए। शकुंतला बेनीवाल ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, टीम वर्क और जीतने की भावना सिखाते हैं। उन्होंने भावीअध्यापिकाओं को खेलों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा निखारने के लिए बधाई दी व प्रोत्साहित किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी महत्व दिया जाता है।

हमारा उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से मजबूत बनाना है। कॉलेज प्रधान सतनारायण अग्रवाल, जनरल सेक्रेटरी सुरेश कुमार अग्रवाल व कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया।


बहादुरगढ़। खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी कूद लगाती एक छात्रा।


बहादुरगढ़। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते अतिथि व आयोजक।

### 200 मीटर दौड़ में अस्तुति प्रथम रही

सौ मीटर दौड़ में ज्योति प्रथम, अस्तुति द्वितीय व अंकिता तृतीय रही। वहीं 200 मीटर दौड़ में अस्तुति प्रथम, ज्योति द्वितीय व दिव्या तृतीय रही। चार सौ मीटर दौड़ में अंकिता प्रथम, अस्तुति द्वितीय व अनुष्का शर्मा तृतीय रही। जबकि 800 मीटर दौड़ में अंकिता प्रथम, दिव्या द्वितीय व अनुष्का शर्मा तृतीय रही।

चार गुणा 100 रिले दौड़ में दीपा, साक्षी, ज्योति, तनु की टीम प्रथम रही। शॉट पुट में अस्तुति प्रथम, अंकिता द्वितीय व दीपा तृतीय रही। चक्का फेंक में अस्तुति प्रथम, दिशा द्वितीय व हर्षिता तृतीय रही। भाला फेंक में अमोदिनी भटनागर प्रथम, अस्तुति द्वितीय व प्रिया सोनी तृतीय रही। लंबी कूद में राधिका प्रथम, अन्नू द्वितीय व ज्योति व रितिका तृतीय रही। रस्सी कूद में अनुष्का शर्मा प्रथम, अमोदिनी द्वितीय व दीपिका वत्स तृतीय रही। रस्सी दौड़ में ज्योति प्रथम, अनुष्का शर्मा द्वितीय व रितिका तृतीय रही। नींबू दौड़ में हर्षिता प्रथम, तमन्ना द्वितीय व मुस्कान तृतीय रही। मटकी दौड़ में दीपा प्रथम, प्रीति द्वितीय व अंजू तृतीय रही।

थ्री लैग रेस में साक्षी, ज्योति व अनुष्का, दिव्या प्रथम रही। बोरी दौड़ में जयोति प्रथम, अंकिता द्वितीय व राधिका तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को अतिथियों ने मेडल व प्रमाण पत्र दिए। सुनीता रानी ने सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अर्जुन दास (पुत्र), जगदीश चन्द (पुत्र), महेन्द्र कुमार (पुत्र), राजेन्द्र पाल (पुत्र), कैलाश (पुत्री), रमेश कुमारी (पुत्री) स्व. जीवनदास / कविता (पोती), सुरेन्द्र (पौत्र)- हरीश (पौत्र) स्व. सुन्दरलाल निवासी किला मौहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी नम्बर 3BYBB575 वार्ड नम्बर 15/935 कॉलोनी किला मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ मे नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 223.17 से 190 वर्ग गज करवाने हेतू ऑनलाइन एप्लीकेशन नम्बर 0185548950 द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नम्बर 3BYBB575 वार्ड नम्बर 15/935 कॉलोनी किला मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सुबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नम्बर 3BYBB575 वर्ग गज उपरोक्त प्रार्थी के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, रविवार 2 मार्च 2025



## जसौरखेड़ी कॉलेज में एनएसएस कैंप शुरू

**बहादुरगढ़।** जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को 7 दिवसीय एनएसएस कैंप शुरु हुआ। सत्र में आइस ब्रेकिंग सेशन में छात्राओं ने अपना परिचय दिया। कैंप की शुरुआत महाविद्यालय प्रभारी संदीप किराड ने की। छात्राओं को नोटपैड व पैन वितरित किए।

### खबर संक्षेप

## नकदी से भरा बैग चोरी करने का आरोप

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सिलाना के मंदिर में रहने वाले एक दिव्यांग के साथ लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में वेदप्रकाश ने बताया कि वह शारीरिक रूप से दिव्यांग है। बीती 26 फरवरी की अलसुबह करीब चार बजे जब वह वॉशरूम गया हुआ था तो उसे दरवाजा खुलने की आवाज सुनाई दी। जब वह वापिस आया था श्याम व अजय नामक व्यक्ति उसे धक्का देते हुए जमीन पर गिराकर भाग गए। जब उसने अंदर जाकर देखा तो उसके आवश्यक दस्तावेजों से भरा काले रंग का बैग गायब था। बैग में उसके दस्तावेजों के अलावा करीब 25 रुपये की नकदी, चांदी के सिक्के व मोबाइल भी था।

## दुकान में चोरी के आरोपी जेल भेजे

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मोबाइल शॉप में हुई चोरी की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। चोरों से चोरी शुदा सामान भी बरामद किया गया है। चंद दिनों पहले छोटूराम नगर के निवासी विकास की दुकान में यह वारदात हुई थी। एमआईई चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। इनकी पहचान गौरव निवासी लाइनपार, सावन निवासी सोनीपत व अंशु निवासी रेलवे रोड बहादुरगढ़ के रूप में हुई है। आरोपियों से चोरी किया गया लेपटॉप, चार्जर, हार्ड डिस्क, 29 फोन बैटरी, ग्लास गार्ड के आठ डिब्बे, 17 फोन, पेचकस, हथौड़ी, पाना और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुई। अंशु को जेल भेज दिया है। गौरव व सावन एक दिन के रिमांड पर लिए गए हैं।

### एसीपी दिनेश कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस ने की कार्रवाई

# बेरी नपा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बेरी नपा चुनाव को लेकर जिला पुलिस हाई अलर्ट पर है। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए जिला पुलिस द्वारा शनिवार को एसीपी दिनेश कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। डीसीपी लोगेश कुमार ने बताया कि बेरी नगरपालिका चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम ने शिव चौक, दुजाना चौक, मेन बाजार, मंदिर वाली गली, माता चौक और बस स्टैंड बेरी में फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पुलिस द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। वहीं खुफिया विभाग द्वारा भी संदिग्ध किस्म के लोगों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य अराजक तत्वों में भय व्याप्त करना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है ताकि वे निर्भीक होकर अपना मतदान कर सके। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें।



## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, तीन एसीपी सहित 340 पुलिसकर्मी तैनात

**झज्जर।** रविवार को बेरी में होने वाले नगर पालिका चुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए है। डीसीपी लोगेश कुमार ने बताया बेरी में होने वाले नगर पालिका चुनाव को लेकर तीन एसीपी व तीन इंस्पेक्टर सहित 340 पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया है। सभी एसीपी और इंस्पेक्टर समय-समय पर मतदान केन्द्रों का दौरा करेंगे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन रिजर्व पुलिस बल तैनात रहेंगे। वहीं बेरी क्षेत्र में 13 नाके लगाए गए हैं। नाकों पर तैनात पुलिस टीम द्वारा प्रत्येक संदिग्ध वाहन और संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों के आसपास भीड़ एकत्रित न होने दे, मतदान केन्द्र के अंदर कोई भी व्यक्ति मोबाइल व अन्य प्रतिबंधित वस्तु न ले जाने पाए, चुनाव प्रक्रिया में विघ्न डालने वालों व आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करें। इसके अलावा मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी सूचना के संबंध में संबंधित थाना प्रभारी व उच्चाधिकारी को तत्काल सूचित किया जाए।



लोगेश कुमार डीसीपी झज्जर।

## बेरी में नगरपालिका अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए मतदान आज, तैयारियां पूरी



**झज्जर।** मतदान केंद्रों के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टियां

**झज्जर।** रविवार को बेरी में होने वाले अध्यक्ष और पार्षद पद के चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियां पूरे उत्साह के साथ पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना हुई। नपा चुनाव बेरी के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक डॉक्टर सतेंद्र दूहन और पुलिस पर्यवेक्षक विजय सिंह ने अधिकारियों के साथ बेरी में विद्यालय परिसर का दौरा किया और सभी पोलिंग पार्टियों और पुलिस बल को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। वहीं रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने पोलिंग अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। उन्होंने कहा कि पोलिंग स्टेशन के 100 मीटर की सीमा के अंदर केवल मतदाता या फिर चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारी ही रहेंगे, इसके अलावा कोई व्यक्ति 100 मीटर की परिधि में नहीं रहेगा। सुबह 8 बजे से ईवीएम के जरिये मतदान प्रारम्भ होगा और शाम 6 बजे तक नपा के सभी 14 बूथों पर संबंधित वार्ड के मतदाता चिन्हित बूथ पर मत डाल सकेंगे। पालिका अध्यक्ष और पार्षद पद के वोट के लिए अलग अलग ईवीएम रहेगी।

### इन स्थानों पर बनाएं

रिटर्निंग अधिकारी रेणुका नांदल ने बताया डीएवी पब्लिक स्कूल बेरी में वार्ड नंबर 1, 3 व वार्ड नंबर 14 के मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथ बनाया गया है। वहीं राजकीय प्राथमिक स्कूल बेरी- एक में वार्ड नंबर 2 और वार्ड नंबर 9 के लिए, बेरी -डीघल रोड स्थित जाट धर्मशाला पाना चुल्याण में वार्ड नंबर 4 व 5 , बेरी बस स्टैंड के समीप राजकीय प्राथमिक स्कूल - दो में वार्ड नंबर 6, 7 व 8 के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। बेरी नगर पालिका कार्यालय में वार्ड नंबर 10 तथा बेरी की पुरानी गौशाला के समीप राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्ड नंबर 11, 12 व 13 के लिए पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।



**झज्जर।** मतदान केंद्रों का जायजा लेते व बूथों पर पोलिंग पार्टियों को निर्देश देतेह हुए रिटर्निंग अधिकारी रेणुका नांदल।

**14 वार्डों में कुल 13 हजार 867 पंजीकृत मतदाता:** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका ने बताया कि बेरी नपा के 14 वार्डों में कुल 13 हजार 867 पंजीकृत मतदाता हैं। जिसमें 7284 पुरुष और 6583 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड एक में 854 मतदाता, वार्ड दो में 793,वार्ड तीन में 957,वार्ड चार में 1121,वार्ड पांच में 901 वोटर पंजीकृत हैं। इसी प्रकार वार्ड छह में 1295,वार्ड सात में 960,वार्ड आठ में 993,वार्ड नो में1154 और वार्ड दस में 1006 मतदाता रजिस्ट्रर्ड हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 11 में 1035,वार्ड 12 में 953,वार्ड 13 में 884 और वार्ड 14 में 961 मतदाता शामिल हैं,जोकि रविवार को होने वाले चुनाव में मतदान करेंगे।

## तेज रफ्तार गाड़ी ने बुजुर्ग महिला को मारी टक्कर, पीजीआई में मौत

**झज्जर।** गांव दुजाना में घर से कूड़ा डालने के लिए बाहर निकली बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग महिला ने उपचार के दौरान रोहतक पीजीआई में दम तोड़ दिया। दुजाना निवासी प्रीतम ने बताया कि उसके नाना के देहांत के बाद नानी अंगूरी उन्हीं के पास रहती थी। शुक्रवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे जब उसकी नानी गली से होते हुए कूड़ा डालने के लिए जा रही थी उसे एक तेज वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस को दी शिकायत में प्रीतम ने आरोपी गाड़ी चालक को नामजद भी किया है।

## रोहद टोल की घटनाः कार की टक्कर के बाद घसीटने से टोलकर्मी की मौत



सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। रोहित की शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने गाड़ी चालक पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।

**बहादुरगढ़।** नेशनल हाइवे पर रोहद गांव में स्थित टोल प्लाजा पर शनिवार की अल सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां टोल शुल्क बचाने के लिए कार चालक ने पहले तो टोल कर्मियों से झगड़ा किया। फिर टोल कर्मी को टक्कर मारने के बाद बोनट पर काफी दूर घसीट ले गया। गंभीर चोट से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। यह घटना शनिवार की अल सुबह करीब तीन बजे हुई। दरअसल, रोहद का निवासी करीब 25 वर्षीय संजय यहां रोहद टोल पर सहायक की पोस्ट पर कार्यरत था। शुक्रवार रात ड्यूटी पर था। टोल कर्मी रोहित ने कहा है कि शनिवार की अल सुबह करीब तीन बजे रोहतक की तरफ से लाइन नंबर 13 पर बलेनो गाड़ी आई। गाड़ी पर फास्टैग नहीं था। टैक्स देने के लिए कहा तो बहसबाजी करने लगा। उसने शराब पी रखी थी और रुपये नहीं दिए। फिर गाड़ी रफ्तार के साथ भगा दी। इसी दौरान अचानक संजय गाड़ी के आगे आ गया। टक्कर लगने के बाद बोनट पर जा गिरा। चालक काफी दूर तक उसे घसीट ले गया। गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। फिर चालक निकलकर भाग गया। हमने घायल संजय को संभाला और रोहतक स्थित अस्पताल में ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी में ट्रैक्टर ट्रॉली और बाइक की टक्कर हो गई। गंभीर चोट के चलते बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान 52 वर्षीय प्रदीप के रूप में हुई है। बेरी का रहने वाला था। बहादुरगढ़ की एमआईई में स्थित कंपनी में काम करता था। शुक्रवार शाम को ड्यूटी के बाद बाइक से घर जा रहा था। टांडाहेड़ी में पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रैक्टर से बाइक टकरा गई।हादसे में उसे गंभीर चोट आई। मृतक के बेटे पारस ने शिकायत दी है कि ट्रैक्टर तीव्र गति में था। चालक ने अचानक ब्रेक लिए थे। इसी के चलते बाइक ट्रॉली से टकराई और जान चली गई। ट्रैक्टर चालक मांडोठी का रहने वाला है। पुलिस ने उस पर केस दर्ज किया है।

## पार्किंग में खड़ी दो गाड़ियों से सात सौ लीटर डीजल चोरी

**झज्जर।** गांव दादरी तोए में ट्रांसपोर्टर द्वारा दो गाड़ियों से डीजल चोरी होने का मामला दर्ज कराया है। दादरी तोए निवासी रणबीर सिंह ने बताया कि उसने 26-27 फरवरी की रात गाड़ियां गांव की पार्किंग में खड़ी करा दी थी। सुबह जब उसने देखा तो उसकी दोनों गाड़ियों में करीब सात सौ लीटर डीजल चोरी हो गया था। रणबीर सिंह ने राह चलती गाड़ी चालक द्वारा गाड़ी रोककर डीजल चोरी का शक जताया है।



